थापर इंस्टीट्यूट में लॉन्च हुआ ई-सनद पोर्टल

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला जागरण सिटी

Page-02, Dated 08-May-2025

थापर इंस्टीट्यूट में लांच हुआ ई-सनद पोर्टल

जागरण संवाददाता, पटियाला: थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (टीआईईटी) ने पटियाला परिसर में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय (एमईए) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से ई-सनद पोर्टल लांच किया है।

थापर के डायरेक्टर पीके नायर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दस्तावेज सत्यापन और एपोस्टिल सेवाओं के लिए पूरी तरह से डिजिटल, संपर्क रहित, फेसलेस और कागज रहित प्लेटफ़ार्म प्रदान करना है। ई-सनद पोर्टल उन भारतीय नागरिकों की सुविधा के लिए बनाया गया है, जिन्हें विदेश में उपयोग के लिए अपने शैक्षिक दस्तावेजों को सत्यापित और एपोस्टिल करने की आवश्यकता होती है। ई-सनद पोर्टल के शुभारंभ समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक संयम अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ कार्यक्रम को एनआईसी, पंजाब के राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी विवेक वर्मा और सरकारी मोहिंदरा कालेज, पटियाला की प्रिंसिपल प्रो. मनिंदर पाल कौर सिद्धू, एनआइसी पंजाब के वरिष्ठ निदेशक (आइटी) राज कुमार टिक्कू, एनआईसी पंजाब की निदेशक (आइटी) कीर्ति महाजन, थापर के मुख्य शैक्षणिक अधिकारी और उप निदेशक प्रोफेसर अजय बातिश, एलएमटी स्कूल आफ मैनेजमेंट के निदेशक और रजिस्ट्रार डा. गुरबिंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।



थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी ● फाइल फोटो